नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 17.11.2020

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 17.11.2020 को छठ पूजा के दृष्टिगत छोटी बिसरात,बड़ी बिसरात खन्नौत नदी एवं गर्रा पुल स्थित छठ घाटो का किया गया निरीक्षण।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 17.11.2020 को छठ पूजा के दृष्टिगत छोटी बिसरात, बड़ी बिसरात,खन्नौत नदी लोधीपुर एवं गॉधी पार्क गर्रा पुल स्थित छठ घाटो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय ने साफ–सफाई,पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं छठ पूजा पर्व पर छोटी बिसरात,बड़ी बिसरात,खन्नौत नदी लोधीपुर एवं गॉधी पार्क गर्रा पुल पर पर्याप्त साफ–सफाई हेतु सम्बन्धित सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक को निर्देशित किया गया तथा घाटो पर पूजा के समय शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घाट पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु सहायक अभियन्ता (प्रकाश) को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त नगरवासियों से छठ पूजा के समय प्रतिबन्धित पॉलीथान का उपयोग न करने एवं घाटो को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने की अपील की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता,मुख्य अभिंयता सिविल श्री दिनेश चन्द्र सचान,सहायक अभिंयता निर्माण श्री मोद नारायण झा,सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक श्री पवन कुमार उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर